Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 07-06-2022 अंक 248

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## एकल विद्यालय आचार्यो को पिछले छह दिनों से योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं योगाचार्य अनिल मिश्रा

### शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित योग जरूरी : ए के मिश्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



योगाभ्यास करती एकल विद्यालय की आचार्या दीदी

पिछले एक जून से आरएनवाईएम कॉलेज बरही में एकल विद्यालय आचार्यो का वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है। इसमें प्रत्येक दिन सुबह सुबह महिला आचार्यो को योगभ्यास कराया जा रहा है। योगभ्यास कराने की जिम्मेवारी बरही के जाने माने पंतजलि से जुड़े योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा को दी गई है। इनके द्वारा पिछले छह दिनों से योग, व्यायाम एवं प्राणायाम कराया जा रहा है। सुबह कई तरफ के सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम का अभ्यास कराकर योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी जा रही है। कपाल भांति, अनुलोम विलोम एवं भस्त्रिका प्राणायाम करवाकर उसके लाभ की भी जानकारी दी जा रही है। अनिल मिश्रा ने बताया कि एकल विद्यालय के आचार्यो को योग प्रशिक्षण देकर उन्हें योग प्रशिक्षित कराया जा रहा है। ताकि उनके द्वारा अपने अपने विद्यालय में बच्चों को योग सिखाया जा सके। इसके साथ ही सभी आचार्यो को आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी गई।

## मुखिया वा वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने दिया आय – व्यय का ब्योरा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अंचल सह प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को मुखिया एवं वार्ड सदस्य के प्रत्याशियों ने आय – व्यय पंजी का संधारण किया गया। प्रखंड कार्यालय में पंजी संधारण हेतु निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सी आर इंदवार के अगुवाई में किया गया। वार्ड एवं मुखिया सदस्य प्रत्याशियों के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ एवं उनके कर्मियो के द्वारा सम्पन्न कराया गया। वहीं बीडीओ सी आर इंदवार ने कहा की वैसे प्रत्याशी जो अपना आय – व्यय पंजी किसी कारण जमा नही कर पाए है वह दो दिनों के अंदर प्रखंड कार्यालय में आकर जमा कर दे। अगर कोई प्रत्याशी अपन आय – व्यय पंजी जमा नही करता है तो वैसी स्थिति में उसे अगला चुनाव लड़ने में परेशानी हो सकती है।

## सद्भावना विकास मंच के सक्रिय सदस्यों की हुई बैठक

### जन आकांक्षा के लिए हमे अब और सक्रिय होकर कार्य करने की है आवश्यकता : राजसिंह चौहान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




पुलिस मित्र सद्भावना विकास मंच की मंगलवार को चौपारण प्रखंड के दादपुर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के चौपारण प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश कुमार दांगी एवं मंच के सचिव कुंदन कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान उपस्थित रहे। जिन्होंने कहा कि सद्भावना विकास मंच अब किसी परिचय का मोहताज नही है, सद्भावना के सदस्यों के सक्रियता एवं सेवा भावना ने जन जन तक सद्भवना का प्रभाव पहुच गया है, अब हमें और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है क्योंकि हमसे लोगो का आकांक्षा बढ़ गई है, हमे जन भावनाओ को कद्र करना होगा एवं उनके सुख दुःख में शामिल होकर हमारे प्रति उनके मन मे विश्वास जागृत होगा तभी और लोग हमसे जुड़ेंगे एवं हम समाज का सेवा कर पाएंगे। मौके पर मनोज कुमार, सूर्यदेव कुमार दांगी, केशरी देवी, कुसुम देवी, अजु देवी, कविता कुमारी, घुंघरू देवी, लक्ष्मी देवी, सरिता देवी, रेणु देवी, पूनम देवी, उर्मिला कुमारी, देवंती देवी, संजू देवी, उर्मिला कुमारी आदि उप. स्थित रहे।

## जलयात्रा में शामिल हुए दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बेलादोहर निवासी अशोक शर्मा के गृह प्रवेश पूजा में जल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जलयात्रा कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयूम अंसारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष बरही विधानसभा मनोहर यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुनंदन गोप, मनोज यादव, वीरेंद्र गोप, रोहित यादव, जमुना यादव, युवा समाजसेवी अनुज यादव, ठाकुरी महतो, रामनारायण यादव, भागी यादव, सुखी यादव, रंजीत यादव, दिनेश यादव, मंजीत यादव, महेंद्र राणा, सहदेव यादव, संजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, दिनेश यादव, राजु शर्मा, अशोक शर्मा, उमेश शर्मा, विवेक शर्मा, सुधीर यादव, किरण देवी, मीरा देवी, द्वारका राम, गुल्ली भुइयां, पार्वती देवी, सरिता देवी, फूला देवी, पूनम देवी, जिर्या देवी, सलामत अंसारी, अरविंद कुमार, समेत समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल का वाटर ए टी एम दो वर्षो से पड़ा है खराब, नही है किन्ही को ध्यान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों को स्वच्छ जल देने के उद्देश्य से लगभग दो साल पहले लाखों की लागत से वाटर एटीएम लगाया गया था। लेकिन आज तक इसे चालू नही किया गया है जिससे अनुमंडलीय अस्पताल में आए मरीज एवं उनके परि. जनों को स्वच्छ पानी पीने के लिए बाहर के दुकान से खरीदकर पीना पड़ रहा है। मरीजों के परिजनों का कहना है की जब हमें स्वच्छ जल पीने के लिए पानी बाहर दुकान से खरी. दना ही होगा तो इस वाटर एटीएम की क्या जरूरत है। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की लगभग दो वर्ष पूर्व इस वाटर एटीएम को मरीजों को स्वच्छ जल देने के उद्देश्य से लगाया गया था लेकिन इस वाटर ए टी एम को आज तक चालू नही किया गया है। जिससे मरीज एवं उनके परिजनों को स्वच्छ जल पीने के लिए उन्हें बाहर के दुकान से खरीदना पड़ रहा है। और यह वाटर एटीएम सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## दहेज मुक्त झारखंड के लीगल सेल का विस्तार, रीतिमा राज जिला अध्यक्ष नियुक्त

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



रीतिमा राज

हजारीबाग सिविल कोर्ट की अधिवक्ता रीतिमा राज को दहेज मुक्त झारखंड संस्था की लीगल सेल का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आनंद कुमार शाही के द्वारा इनके अच्छे कार्यो को देखते हुए मनोनयन पत्र जारी किया गया है। वही राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सिंधु मिश्रा ने रीतिमा राज को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति हो रहे श्घरेलू हिंसा, बहू-बेटियों के साथ दहेज के लिए उत्पीड़न, महिलाओं को हिंसा की शिकार बननेश इन सभी कार्यों में न्याय दिलाने के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया है।

अधिवक्ता रीतिमा राज के जिला अध्यक्ष बनने पर अधिवक्ता मनोज कुमार, पूनम देवी, माखन पाठक, बबलू खान, वीणा, हरिहर प्रजापति, अखिलेश कुमार राय, शिव कुमारी, रेखा रानी, संतोष मंडल, माथुर प्रसाद, आशीष कुमार, विकास जयसवाल,मोहम्मद शिवली, सईदा खातून, विनोद मेहता, दयानंद प्रसाद, मुकुंद शाह सहित कई लोगों ने बधाई दिए।

## सदर प्रखंड के पालमो पंचायत में उपमुखिया के चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के पालमो पंचायत भवन में उपमुखिया के चुनाव के लिए सभी वार्ड सदस्यों को दिशा निर्देश दिया गया ,जिसमे यह जानकारी मुखिया प्रति. निधि सुरेंद्र प्रसाद यादव ने दिया कहा कि आज गिरिडीह ब्लॉक से चुनाव कराने के लिए CO और cie ने चुनाव कराने का दिशा निर्देश दिया और कहा कि 17 जून सुबह 7:00 बजे तक सभी पालमो पंचायत अंतर्गत सभी ग्राम वार्ड सदस्य,मुखिया,को पहले सपथ ग्रहण करवाया जाएगा उसके बाद उपमुखिया का चुनाव की प्रक्रिया होगी इसमें जिन वार्ड सदस्य को पहले एक प्रस्तावक तथा एक समर्थक की जरूरत होगी।इसमें मुखिया किनी देवी मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद यादव तथा वार्ड 1 से बद्री मंडल, 2 से वार्ड पाचु साव, 3 से बालों मंडल 4 से भुचो दास,5 से अशोक सिंह,6 से प्रकाश सिंह,7 से मधु देवी,8 से सुरेश राय,9 से स्मेल हासदा 10 से राजेन्द्र राय आदि उपस्तित थे।

## बिहार के स्वतंत्र वैज्ञानिक अश्विनी कुमार सूप्रा ने बनाई अंधों के लिए आँख

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित**



पाटलिपुत्र कॉलोनी पटना बिहार के निवासी श्री सुरेश कुमार चौधरी एवं श्रीमति प्रभावती कुमारी के द्वितीय पुत्र अश्विनी कुमार सुप्रा वर्चुअल एनर्जी एवं ब्रैंड्स कोर्टेक्स पर शोध कर जनमानस एवं किसी भी रूप के आंखों से अंधे व्यक्ती को स्थाई रूप से रोशनी प्रदान करने हेतु प्रकाश के विज्ञान के मिश्रित कर एक ऐसे और लाजिक चश्मा का अविष्कार किया है जिससे कोई भी अंधा व्यक्ती पूर्ण रूप से आम आंखों वाले व्यक्तियों की तरह देख सकेगा मस्ती से कोर्टेक्स संरचना पर आधारित अश्विनी कुमार सुप्रा अपने वर्चुअल स्पेक्ट्रम ग्लास के विज्ञान का नाम ("LOVES" Light Optical Vision System) लव्स लाइफ ऑप्टिकल विज़न सिस्टम दिया है वर्षो की शोध लगन मेहनत संघर्ष एवं तपस्या के उपरान्त अपने माता पिता एवं अपने परम मित्र श्याम ढंका के अविस्मरणीय सहयोग से उन्होंने इस अविष्कार में अद्वितीय सफलता प्राप्त की अश्विनी कुमार शुक्ला अपने इस अद्भुत शोध एवं अविष्कार को लेकर भारत एवं जापान के प्रधानमंत्री से मिलने को इच्छुक हैं वर्तमान में अश्विनी कुमार शुक्ला अपने इस दुर्लभ विज्ञान को लेकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने हेतु तहसील है अश्वनी कुमार शुक्ला का व्यक्तित्व अत्यंत ही जटिल गोपनीय एवं साहनी है जिनकी प्रतिभा मन एवं दिमाग को सम्भाल समझ पाना आम आदमी के परे है पटना विश्वविद्यालय से निरंतर उच्च शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत अश्विनी कुमार शुक्ला ने कई नौकरियों की और अपने शोध से समय देने हेतु समय अनुसार उनसे इस्तीफा दे दिया अश्वनी कुमार से पुराने अत्यंत ही गुप्त रूप से अपने द्वारा बनाए गए चश्मे का सफल टेस्ट कई अंधे व्यक्तियों पर किया है स्वतंत्र वैज्ञानिक के रूप में अश्विनी कुमार शुक्ला सिर्फ विज्ञान में रुचि रखते हैं अपितु अध्यात्म तंत्र ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र पर भी गहरी पकड़ रखते हैं अपने जीवन काल के वर्तमान समय तक अश्विनी कुमार शुक्ला अपने मित्रों परिजनों असामाजिक तत्वों एवं अपने खानदान के रिश्तेदारों के साज़िश बेईमानी एवं मानसिक प्रताड़ना के शिकार भी रहे चुके हैं एवं अपने वर्तमान समय तक असहनीय दर्दो को सहा है फाइव एलिमेंट सुपर कन्डक्टर इलेक्ट्रो मै. ग्नेटिक थ्योरी इस तरह की थ्योरी डार्विन कि सिद्धान्त पलाटेन पलास मेब्रेन अल्फा बिटा गामा सेक्शन को गहरे रूप से अध्ययन कर मिश्रित रूप से प्रकाश विज्ञान के रूप में अश्वनी कुमार अपने इस शोध एवं आविष्कार को सफल बनाया है सूप्रा के आंखों का भी ईस्तेमाल अश्विनी कुमार ने अपने चश्मा के स्पेक्ट्रम से किया अश्वनी कुमार का कहाना है कि उनके इस विज्ञान से ई क्लोन भी सफलत बनाया है द्य अश्वनी कुमार को इस आविष्कार ने भारत का राष्ट्रीय लाइट मैंन बना दिया द्य इनके माता पिता ऐसे सपूत को पा कर धन्य हैं द्य जो भारत के मातृभूमि को एक प्रतिभा शाली दुर्लभ प्रतिभावान वै. ज्ञानिक को इस पावन धरती पर जन्म दिया।

## वन विभाग एवं पुलिस ने की करवाई 20 कोयला खदान भरे गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

**अमित मालाकार**



बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटे लाल साहू एवं बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में गोंडलपूरा पंचायत अंतर्गत अंबा झरना में संचालित लगभग 12 अवैध कोयला खदानों को जेसीबी मशीन लगाकर डोज रिंग कर भर दिया गया। 6 दिन पूर्व रूदी जंगल में संचालित लगभग 8 अवैध कोयला खदानों को भरा गया। 1 सप्ताह में अब तक कुल 20 अवैध कोयला खदानों को भरा गया। मामले को लेकर वन क्षेत्र अधिकारी छोटे लाल साव ने कहा कि अब तक 6 दिनों में अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर भर दिया गया है। जो भी अवैध रूप से कोयला खदान चलाएंगे उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी इसके पूर्व कोयला संबंधित मामले को लेकर कई लोगों पर मामला दर्ज किया जा चुका है।

## अब चतरा के जनवितरण प्रणाली से अनाज की कालाबाजरी रोकेगा आइरिश स्कैनर डिवाइस

### अब ओ टी पी नहीं आंख के स्कैन से होगी राशन का वितरण





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : जिले में जन वितरण प्रणाली से राशन कार्ड धारियों को मिलने वाला अनाज की कालाबा. जरी रोकने के लिए इंटीग्रेटेड रिस्क इंसफ़रामेन्सन सिस्टम या आइरिस का उपयोग किया जाएगा।मशीन से आंखों का रेटिना जांच होने पर ही जन वितरण प्रणाली के दुकान से अनाज मिलेगा. ।इससे दूसरे का अनाज तीसरा कोई नहीं ले पाएगा।और यह अनाज की कालाबाजरी में मदद करेगा।जिले में पहली बार इस नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।यह सुविधा झारखण्ड के पड़ोसी राज्य बिहार में पहले से ही है।पहले चरण में चतरा जिले को 33 आइरिस स्कैनर डिवाइस मिल चुका है।चतरा जिला आपूर्ति पदा. धिकारी गोरांग महतो ने बताए कि जिले में पहले चरण के लिए 33 मशीन की आपूर्ति भी हो चुकी है।उन्होंने कहा कि आइरिष मशीन को ई-पास मशीन से जोड़कर लाभुकों की आंखों की रेटीना से जोड़कर स्कैन कर किया जाएगा।आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट के अलावा आंखों की रेटीना भी ली जाती है।आइरिस मशीन से इपॉस को जोड़ते ही नाम और पत्ता सब आ जाएगा और उससे पत्ता चल जाएगा कि किस लाभुक के नाम से अनाज की उठाव हुआ है। बताते चलें कि पहले डीलर लोग किसी का भी मोबाइल नम्बर से ओ टी पी के माध्यम से नाम किसी का और डीलर के मिली भगत से अनाज कोई और उठा लेता था।लेकिन इस आइरिस स्कैनर मशीन आ जाने से अब अनाज की कालाबाजरी पर अंकुश लग सकता है।इधर डी एस ओ श्री महतो ने कहा कि राशन दुकान से अनाज की कालाबाजरी किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा।जो कालाबा. जरी में पकड़े गए वो जेल भी जाकेंगे चाहे वह दलाल हो डीलर।

## डिवाइन के एनसीसी कैडेटों ने पौधरोपण किया

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**

**सुनील कुमार**




बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल+2 में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा पौधा रोपण किया गया कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा किया गया साथ ही सभी लोगों अधिक से अधिक पौधा लगाने का अभियान को जारी रखने का शपथ लेते हुवे कहा की पर्यावरण का रखेंगे हम ध्यान, अपने देश को बनायेंगे महान । विद्यालय प्राचार्य ने बच्चों को पर्यावरण पर प्रकाश डाला और कहा की पर्यावरण दो शब्दों से मिलकर बना है, परी + आवरण, इसका अर्थ हमारे चारों ओर का वातावरण और कार्यक्रम को सराहना करते हुए कहा की पर्यावरण को बचाना हमलोगों का कर्तब्य है ।एन सी सी शिक्षिका प्रीति प्रभा कुमारी ने बच्चों को पर्यावरण पर प्रकाश डाला! मौके पर भानु प्रताप सिंह, पूनम कुमारी,कैसेनाथ महतो, अनिल कुमार कुलदीप पासवन, संजय कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 07-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## नवनिर्वाचित कांडतरी युवा सरपंच बचनदेव कुमार ने किया उपप्रमुख का प्रबल दावेदार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बडकागांव : प्रखण्ड अंतर्गत कांडतरी पश्चिमी से नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य बचनदेव कुमार ने क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों को जीत की शुभकामनाएं दी। युवा नेता बचनदेव कुमार ने अपने पंचायत कांडतरी से कुल 1514 मत लाकर अपने प्रतिद्वंदी को कुल 943 वोट से मात दी है। पंचायत की जानता ने जिस विश्वास के साथ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के लिए युवा नेता को चुना है। ठीक उसी प्रकार से नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने बचनदेव कुमार की योग्यता, कर्मठता और ईमानदारी को देखते हुए क्षेत्र में नई क्रांति का सुपात्र करने, भ्रष्टाचार मुक्त कर समाज को नया नजरिया देने, शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने एवं युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए युवा सोंच बचनदेव कुमार को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसी उम्मीद के साथ पसंस कांडतरी पंचायत बचनदेव कुमार को उप्रमुख की प्रबल दावेदारी पेश की है। इनके समर्थन में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत क्षेत्र की जानता, युवा साथियों, प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवियों का भरपुर आशीर्वचन प्राप्त हो रहा है।

## पुलिस ने एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जप्त मामले में एक को भेजा जेल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में छापेमारी कर पुलिस ने थाना अंतर्गत मोतरा घाटी से मध्य रात्रि को अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जप्त किया।इस संदर्भ में बड़कागांव थाना कांड संख्या 142/22 dt 7/6/22 धारा 414/34 एवं 30(II) कोयला खान अधिनियम एवं 33 वन अधिनियम विरूध चालक एवं मालिक पर दर्ज किया गया। मामले में पुलिस ने अभियुक्त रोशन कुमार गुप्ता, पिता अशोक गुप्ता ग्राम बादम थाना बड़कागांव को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। बताते चलें कि तीन दिन पूर्व भी एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया था। अवैध कारोबार को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि छापामारी निरंतर जारी रहेगी।अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा मामले को लेकर कोयला कारोबारियों में हड़कंप है।

## मंडापूजा शांतिपूर्ण तरिके से सम्पन्न को लेकर भक्तो ने कंडाबेर में किए पूजाअर्चना

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखण्ड के अंतर्गत ग्राम चेपाकला में मंडापूजा अच्छी तरिके व भक्तिमय तरिके से मनाने को लेकर चेपाकला के भक्तो ने कंडाबेर मातास्थान में जा कर पूजाअर्चना किए एवं भक्तो ने कामना किए की हमलोगों का मंडापूजा अच्छे तरिके से सम्पन्न हो। इसमें खास बात यह है कि चेपाकला पंचायत के नवनिर्वाचित युवा मुखिया अनिकेत नायक ने भी अपने गांव के भक्तों के साथ शामिल है, उन्होंने कहा कि हम अपने गांव के भक्तों के साथ मिलकर में भी अपने क्षेत्र के लोगों के सुख व शान्ति का कामना करूँगा । ताकि हमारे क्षेत्र का विकाश हो सके।

## लगातार कहर बरपा रहा है हाथी दहशत में जी रहे हैं ग्रामीण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**मुमताज अंसारी**



बता दें कि बिरनी प्रखंड के अंतर्गत कपिलो एवं राजमनिया सरकीटोला में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है कपिलो नीचे टोला में परमेश्वर मोदी का चारदीवारी तोड़कर पैरों तले फसल को बर्बाद कर दिया वही सरकीटोला में बुलाकी यादव का घर का मेन गेट तोड़ दिया और उनका बेटे जो विकलांग है तीन पहिया साइकिल को ध्वस्त कर दिया घर वालों ने किसी तरह से जान बचाकर भागे और हो हल्ला करने के बाद ग्रामीणों ने हाथी को खदेड़ा ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाया और कहां यह वन विभाग की विफलता है रोजाना प्रतिदिन दिन पंचा छह हाथियों ने तांडव मचा कर के रखा है अगर वन विभाग सावधानी नहीं बरती तो आम जनता की जाने जा सकती है और साथ ही साथ जो जो नुकसान हुआ है मुआवजे की मांग कर रहे थे

## कल से 10 तारीख तक सुबह 7:00 बजे से लेकर 12:00 बजे दिन तक बिजली बंद रहेगी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बिजली समस्या सुधार को लेकर निर्धारित समय को बढ़ाते हुए बिजली विभाग ने आज से 10 जून तक सुबह 7:00 बजे से लेकर 12:00 बजे दिन तक बिजली बंद रहेगी। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव बिजली विभाग के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने दी है। उन्होंने कहा कि जंगल में 33000 वोल्ट पावर तार के समीप गुजरने वाली पेड़ की टहनी की कटाई एवं छटनी कार्य किया जाएगा। जिसे देखते हुए सुबह 7:00 बजे से लेकर 12:00 बजे दिन तक बिजली बंद रहेगी। कुछ विशेष परिस्थिति में निर्धारित समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

## जिनका होगा निबंधन उन्हें ही मिलेगा धान की बीज

### सभी किसान अपने अपने किसान मित्रो के माध्यम से कराएं निबंघन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड के सभी किसान भाइयों को अपील किया जाता है कि प्रखंड में मिलने वाला धान बीज के लिए अपने अपने नजदीकी किसान मित्र एटीएम बी टीएम से संपर्क कर धान क्रय हेतु निबंधन कराने कराएं।ऊक्त आशय की जानकारी देते हुए बीटीएम तौफीक आलम ने कहा कि वैसे ही किसान को धान बीज मिलेगा जिनका नि. बंधन होगा। तथा जीनका निबंधन यदि नहीं होगा तो वैसे किसानों को सरकारी दर पर धान नहीं मिल पाएगा ।उन्होंने बताया कि जल्द ही जमरी बक्सपुरा एवं राजपुर पैक्स को किसानों को वितरण करने के लिए सरकारी दर पर धान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों के किसान मित्र अपने-अपने क्षेत्र के किसानों का निबंधन दो दिनों के अंदर कराकर उनका कागजात प्रखंड कार्यालय के बीटीएम ऑ. फिस में जमा करें।

## मुखिया पर दर्ज झूठा केस को शीघ्र जांच कर वापस ले प्रशासन - गुलाब रजक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण - प्रखंड के चर्चित बिरेन्द्र सिंह हत्यकांड के मामला शांत होने का नाम नही ले रहा है.हल्की घटना के मुख्य आरोपी बालकिशुन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.इस मामले नामजद शेष लोग पुलिस के पकड़ से बाहर है. उन्हें धर पकड़ के लिए पुलिस लागातार संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है.घटना के बाद एसपी ने अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए एसआईटी टीम का गठन किया है.ज्ञात हो की 19 मई को मुखिया के विजय जुलूस के दौरान मारपीट में बिरेन्द्र सिंह की मौत इलाज के दौरान रांची में हो गयी थी. उसके बाद थाना में दो अलग अलग मामले दर्ज हुए है. पहला केस बिरेन्द्र सिंह हत्यकांड के मुख्य आरोपी बाल किशुन यादव के आवेदन पर हुआ है.जिसमें पड़रिया के मुखिया पप्पू रजक सहित अन्य लोगो पर केस हुआ है.दूसरा मामला सुमन कुमार सिंह के आवेदन पर दर्ज हुआ है.जिसमें बलकिशुन यादव सहित 10 लोग नामजद है.इधर घटना के बाद मुखिया सहित अन्य लोगो पर हुआ झूठा केस को जांच कर प्रशासन से उठाने की मांग किया जा रहा है.अखिल भरतीय धोबी महासंघ के अनुमंडलीय अध्यक्ष गुलाब रजक ने एसपी से मामले का जांच कर निर्दोष लोगों पर किया गया झूठा केस को उठाने की मांग किया है.प्रशासन निष्पक्ष होकर घटना का जांच करें.एवं बिरेन्द्र सिंह हत्याकांड फरार अन्य अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करें प्रशासन.

## प्रखण्ड प्रमुख के लिए चढ़ा सियासी तापमान ,लामबन्द करने में जुटे उम्मीदवार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : प्रखण्ड में प्रमुख व उप्रमुख पद का चुनाव 14 जुन को निर्धारित है। उम्मीदवारो के पास अपनी गोटी सेट करने के लिए मात्र 6 दिन शेष रह गए हैं । ऐसे में दो प्रमुख पार्टियां भी अपने अपने पार्टी के समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में जोर आजमाइश लगा रहे हैं । साथ ही पंचयात समिति उम्मीदवारों को लामबन्द करने में भी मंथन किया जा रहा है। दो प्रमुख विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं के इंट्री से प्रखण्ड में प्रमुख लिए सियासी तापमान उफान पर है। बतादें कि प्रखण्ड के 32 पंचायत समिति प्रखण्ड में होने वाले प्रमुख और उपप्रमुख का चयन करेंगे। कई उम्मीदवारों के नाम भी सामने आ चुके हैं। जिसमें प्रबल दावेदारो में बेला से पंचायत समिति सदस्य समाज सेवी सह कं0ग्रेस नेता बीरबल साहू की पत्नी कुमारी खुशबू गुप्ता व जगदीशपुर पंचायत से पंचयात समिति सदस्य उदय राणा की पत्नी पूर्णिमा देवी के नाम शामिल हैं। इसके अलावा सिंघरांवा पंचायत के भाग 1 की पंसस समाजसेवी लौलेश साहू की पत्नी प्रीति कुमारी के अलावे भी कई प्रमुख दावेदार मैदान में हैं। सभी उम्मीदवारों द्वारा जीत का दावा किया जा रहा है। समाजसेवी बीरबल साहू ने बताया कि हमारे पक्ष में 20 से 22 पंचायत समिति सदस्य ऐसे हैं जो निःस्वार्थ भाव से मेरे पक्ष में मतदान करेंगे। फिर भी मेरे द्वारा शेष और पंसस उम्मीदवारों को भी अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं दूसरे तरफ प्रबल उम्मीदवार में उदय राणा से बात करने पर उन्होंने भी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा की प्रखण्ड के प्रमुख उम्मीदवारों को छोड़कर शेष सभी पंसस से मिलकर अपने पक्ष में मतदान की आपुल की गई है। सभी ने मेरे पक्ष में मतदान के लिए भरोसा दिए हैं।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरीडीह मुफ्फसिल क्षेत्र में जोरदार आंधी के साथ वर्षा हुई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के मुफ्फसिल क्षेत्र के बंदरकुप्पी, बराकर,बदडीह आस पास समय 4 बजे लगभग 120 ा3 की स्पीड से जोरदार आंधी के साथ वर्षा हुई। आंधी इतनी तेज थी कि जिसमें आस पास के दतलगा बंदरकुप्पी,पीरटांड़ के जंगल में लगभग 50 से अधिक पेड़ जड़ से उखाड़ गया। जैसे सखुव ,निम ,कोरेंग,बर ,पीपल आदि जैसे कीमती लकड़ी थी।जिससे आस पास के ग्रामीणों ने पेड़ की टहनी काट कर घर ले गया। और आंधी के कारण बिजली के खंबा तार सहित गिर गया।जिसमें आज मुफ्फसिल के क्षेत्र में बिजली भी मिलना मुश्किल हो जाएगी।

## आर्यकर्ण फाउंडेशन एंबुलेंस एवं सिलाई केंद्र का शुभारंभ कल से

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

**अमित मालाकार**




बड़कागांव : आर्यकर्ण फौंडेशन के द्वारा कल 9 जून से एंबुलेंस एवं महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। उक्त उद्घाटन कार्य में चंदनपुर गांव स्थित जी एम कुशवाहा चौक के समीप किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि आर्य कर्ण निधि प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार एवं आर्य कर्ण फा. उंडेशन के प्रेसिडेंट सरोज सोनी के हाथों फीता काटकर किया जाएगा।

## अपर समाहर्ता को शहीद जगदेव प्रसाद स्मारिका पुस्तक भेंट की गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

**अमित मालाकार**



शहीद जगदेव विचार मंच के द्वारा अध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो एवं सचिव जयनारायण प्रसाद के नेतृत्व में हजारीबाग जिला अपर समाहर्ता राकेश रोशन को शहीद जगदेव प्रसाद की स्मारिका पुस्तक भेंट की गई। मौके पर अपर समा. हर्ता राकेश रोशन ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद की कुर्बानी से हमें दबे दबे कुचले को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती। जगदेव प्रसाद की विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## जमुआ चित्तरडीह,आकाशीय बिजली की चपेट में आई महिला की मौत

**अपेम लाइव : बिरनी**

**सब्बा अहमद**



गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड के चित्तरडीह मैं मंगलवार को हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो जानें का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतिका धीरज साहू की पत्नी सुनीता देवी थी। मौसम बिगड़ता देख सुनीता देवी घर से कुछ दूर खलिहांन में बंधे पालतू मवेशी खोलने गई थी इसी दौरान तेज गरज के साथ बर्जपात हुआ जिसकी चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृत्तिका सुनीता देवी के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । घटना की सूचना पाकर चित्तरडीह पंचायत की मुखिया उमा देवी समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह, मोहम्मद सरताज परवेज, वार्ड सदस्य भरत नारायण सिंह, अनूप सिंह , नारायण साहू आदि मृतक के घर पहुंचे और परिजनो को ढाढस बधाया ।इधर घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर जमुआ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।







